कार्यालय प्राचार्य, सेठ आर.एन.रूईया राजकीय महाविद्यालय, रामगढ़ शेखावाटी (सीकर)

कमांक : 591 दिनांक : 05/07/2021

एनएसएस/एनससीसी सदस्य

वृक्षारोपण कार्यक्रम

विषयः– राष्ट्रपिता महात्मागांधी की 150 वीं जयन्ती समारोह एवं स्वतंत्रता दिवस के वर्षगांठ के संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों एवं निकायों में 21 जून, 2021 से वृक्षारोपण आरम्भ किये जाने के सम्बन्ध मे।

प्रसंग :– आकाशि के पत्रांक प.8(सा.प्रो) अकाद/आकाशि/2018/68 के कम मे।

विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के संबन्ध में लेख है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी की 150वी जयन्ती समारोह वर्ष के अंतर्गत इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 जून, 2021 से सघन वृक्षारोपण आरंभ किया जाना अपेक्षित है। वर्तमान समय में प्राकृतिक संसाधनों के लगातार दोहन एवं पेड़ पौधों की कमी से पर्यावरण का संतुलन बिगडता जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में पर्यावरण संतुलन को बनाये रखने के लिये महाविद्यालय में पर्यावरण एवं प्राकृतिक सौंदर्यकरण को बनाये रखने के लिये महाविद्यालय में 21 जून,2021 से 02 अक्टूबर,2021 तक वृक्षारोपण अभियान के तहत् अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जावे।

वृक्षारोपण का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति समझ पैदा करना, पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना, वातावरण को स्वच्छ बनाना तथा प्रकृति के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाना है तथा वर्तमान में कोविड–19 महामारी के परिपेक्ष्य में भरपूर ऑक्सीजन की उपलब्धता को सुनिश्चित करने, पर्यावरण को शुद्ध करने में सहयोग प्रदान करना है।

इस हेतु महाविद्यालय में निम्न कार्य किये जाने है:–

1. महाविद्यालय में जल एवं भूमि की उपलब्धता के अनुसार मानसून से पूर्व वृक्षारोपण/किचन गार्डन तैयार कराया जावे।
2. परिसर साफ–सुधरा रहें एवं परिसर में पेड–पौधें लगाकर महाविद्यालय को सुंदर बनाया जावे।
3. महाविद्यालय में प्रवेशित छात्र/छात्राओं अधिकारीगणों तथा स्टाफ के सहयोग से अधिकतम छायादार/फलदार पेड लगवाया जाये।
4. पेड की सुरक्षा हेतु की जाली कांटेदार बाड/सुरक्षा कवच को लगाया जावे।
5 लगाये गये पेड़–पौधों की देखरेख, सुरक्षा, रख–रखाव की जिम्मेदारी सामूहिक रूप से विद्यार्थी एवं स्टाफ करे।
6. परिसर में या इसके आस–पास पॉलिथिन, पॉलिथिन बैग का प्रयोग नहीं किया जावे।

अतः समस्त एनएसएस/एनसीसी सदस्य वृक्षारोपण/सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें।

प्राचार्य
सेठ आर.एन.रूईया राजकीय महाविद्यालय,
रामगढ़ शेखावाटी (सीकर)

CamScanner

या संविधान दिवस

27/Nov-2021

रामगढ़ शेखावाटी. महाविद्यालय में संविधान की शपथ लेते विद्यार्थी।

व शिक्षक राजेंद्र प्रसाद नेहरा ने बच्चों को संविधान दिवस के बारे में बताया। इस अवसर पर दयाल, अशोक कुमार मीणा, बनवारी लाल, प्रियंका शर्मा, ज्योति मीणा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

सीकर. लोसल के नजदीक भिराणा के राउमावि में संविधान दिवस पर मौलिक कर्तव्य व संविधान के मूल्य की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता हुइ। प्रार्थना सभा में बालकों को वृत्ताकार सजाकर संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महावीर शर्मा, व्याख्याता बृजेश चौहान, झाबरमल, सुमन, वरिष्ठ अध्यापक सत्यनारायण रोलन, सपना चौधरी, अध्यापक श्रवणलाल टाक आदि थे। उधर डॉ भीमराव अम्बेडकर विकास समिति ने लोसल के अम्बेडकर भवन में पौधारोपण कर 73 वां संविधान दिवस मनाया। समिति अध्यक्ष बीएल गर्वा ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। सदस्यों ने संविधान की प्रस्तावना के साथ संवैधानिक मूल्यों को मजबूत करने की शपथ ली। समिति के मीडिया प्रभारी महेंद्र डांगी व राजकुमार वर्मा ने बताया कि अतिथियों ने पौधारोपण कर विचार गोष्ठी में भाग लिया। इस दौरान शिक्षक मुकेश रणवा, मिठ्ठुलाल कनवाडिया, सत्यनारायण, ब्रजेश कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश जाना, अशोक बाकोलिया ने संविधान और बाबा साहब के आदर्शों पर प्रकाश डाला। वहीं सांगलिया अखिल भारतीय सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर श्री श्री 108 स्वामी ओमदास के सान्निध्य में बाबा खींवादास स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय सांगलिया में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक व दो के सयुंक्त तत्वाधावन में प्राचार्य एसके गुप्ता की अध्यक्षता में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्टॉफ सदस्य प्रो. रामावतार वर्मा, प्रो. हंसराज धनवाल, प्रो. विजय कड़वासरा, प्रो. ताराचंद वर्मा, प्रो. मोनिका शर्मा आदि ने संविधान के मूल्यों पर प्रकाश डाला।

रींगस. कस्बे के रीताचंद्र सक्सेना मेमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में संविधान दिवस पर सेमिनार हुआ। मुख्य अतिथि और अधिवक्ता दीपक बाजिया ने संविधान की विस्तृत जानकारी देते हुए कानून के बारे में अवगत करवाया। इस दौरान संस्था सचिव डा. अजय सक्सेना, व्यवस्थापक ज्ञानचंद महरिया, प्राचार्य राजेंद्र कालोया ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण करके स्वागत किया। **रामगढ़ शेखावाटी.** सेठ आर.एन.रूइया राजकीय पीजी कॉलेज में प्राचार्य शारदा इन्दालिया ने विद्यार्थियों से संविधान के आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। एसके सक्सैना ने विद्यार्थियों से अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन करने का आह्वान किया।

चला. कस्बे सहित आस पास के गांवों में संविधान दिवस पर डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमाओं को फूल मालाएं पहनाई गई।

CamScanner